तापमान
अधिकतम 26.1 डिग्री
न्यूनतम 3.3 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार 23 जनवरी 2026

11 श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई बसंत पंचमी



12 अतिक्रमण और गंदगी पर निगम का एक्शन



## शहर में आज

- नगर निगम बाजारों में चलाएगा सीलिंग अभियान
- वसंत पंचमी पर शिव शक्ति साहित्य सदन में काव्य गोष्ठी
- अंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर
- पं. नेकीराम कॉलेज में राज्य स्तरीय बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता

## खबर संक्षेप

### गोरखधाम एक्सप्रेस की चपेट में आने से मौत

**रोहतक।** गोरखधाम एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। 38 वर्षीय बिजेंद्र कुमार जेपी कॉलोनी का रहने वाला था। घटना की जानकारी मिलते ही जीआरपी और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की।प्राप्त जानकारी के अनुसार, बिजेंद्र कुमार किसी कार्य से रेलवे ट्रैक के आसपास गया हुआ था। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही गोरखधाम एक्सप्रेसकी चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद रेलवे लाइन पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### भैणी महाराजपुर के स्कूल से सामान चोरी

**महम।** भैणी महाराजपुर में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से कंप्यूटर, डीवीडी व अन्य सामान चोरी हो गया। पुलिस को दी शिकायत में कर्मपाल निवासी बहलबा ने बताया कि वह स्कूल में लिपिक के पद पर कार्यरत है। वह 5 जनवरी को स्कूल में गया तो ताला टूटा मिला। चेक करने पर पाया कि स्कूल में रखा कंप्यूटर, डीवीडी, इन्वर्टर व बैट्री चोरी हो गई हैं।

### फरमाणा के युवक से 21490 ठगे

**महम।** फरमाणा गांव का एक व्यक्ति साइबर ठगों का शिकार हो गया। साइबर ठगों ने उसको फोन पर बातों में उलझा लिया और 21490 रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिए। एक व्यक्ति के खाते से रकम ट्रांसफर करा ली। पीड़ित ने इसकी शिकायत महम पुलिस से की है।थाना महम में पुलिस को दी शिकायत में फरमाणा गांव निवासी अशोक ने बताया कि उसके पास एक अज्ञात व्यक्ति ने मोबाइल पर कॉल की थी। सामने वाले ने कहा कि आपकी पत्नी के खाते से लोन की किस्त नहीं कट रही। उसके बाद उसने बातों में उलझाकर अपने खाते में 21490 रुपये ट्रांसफर करा लिए। पुलिस ने मामला दर्ज का जांच शुरु कर दी है।

# ‘सड़क तोड़ विकास’

# सरकारी महकमे पहले करते हैं सड़कों का निर्माण, फिर गलियों को तोड़कर डाली जा रही पेयजल व सीवरेज लाइन

**रोहतक।** शहर में विकास कार्यों को लेकर सरकारी विभागों के बीच तालमेल की भारी कमी सामने आ रही है, जिसका सीधा खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। एक ओर करोड़ों रुपये खर्च कर सड़कें बनाई जा रही हैं, तो दूसरी ओर उन्हीं सड़कों को कुछ समय बाद सीवर, नाली या पेयजल पाइप लाइन डालने के लिए तोड़ दिया जा रहा है। इस अव्यवस्था के कारण न केवल विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं, बल्कि प्रति सौ मीटर में लाखों रुपये का नुकसान भी हो रहा है। शहरवासियों का कहना है कि यदि

- निगम, जन स्वास्थ्य विभाग और पीडब्ल्यूडी की मनमर्जी से आफत

पहले ही सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य योजना तैयार कर लें, तो सड़कों को बार-बार तोड़ने की नौबत ही न आए। वर्तमान हालात यह हैं कि कहीं सड़क बनने के बाद सीवर डाला जा रहा है, तो कहीं पाइप लाइन खराब होने के कारण नया निर्माण रुकवा दिया जा रहा है। इन दिनों नगर निगम, जन स्वास्थ्य विभाग और पीडब्ल्यूडी में समन्वय की कमी देखने को मिल रही है।

### कृष्णा कॉलोनी में बिना सीवर लाइन डाले ही गली बनाने पहुंचे कर्मचारी, लोगों ने काम रुकवाया



*कृष्णा कॉलोनी में लंबे समय से गली टूटी हुई थी। स्थानीय लोगों ने पार्षद कपिल नागपाल से गली का निर्माण करवाने की मांग की। मांग के बाद नगर निगम द्वारा निर्माण कार्य शुरू कराया गया, लेकिन कुछ ही दिनों में लोगों ने ही काम का विरोध कर रुकवा दिया। आरोप है कि बिना सीवर डाले ही गली का निर्माण किया जा रहा था। लोगों का कहना है कि यदि अभी सीवर नहीं डाला गया, तो भविष्य में उन्हें अपने खर्च पर पाइप लाइन डलवानी पड़ेगी और नई बनी गली को दोबारा तोड़ना होगा।*

### प्रेम नगर में पेयजल लाइन के कारण सड़क का निर्माण कार्य रुका

प्रेम नगर में कुछ माह पहले मुख्य गली का निर्माण कार्य शुरू किया गया था, लेकिन जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा पहले से डाली गई पेयजल पाइप लाइन खराब निकल आई। पाइप लाइन से दूषित पानी की शिकायतों के बाद स्थानीय लोगों ने निर्माण कार्य का विरोध कर दिया। कुछ हिस्सों में पाइप लाइन दबा दी गई है, लेकिन अभी भी कई क्षेत्रों में दूषित पेयजल की समस्या बनी हुई है। अब निर्माण रुका हुआ है।

### लाढ़ौत रोड में सीमेंट की सड़क पर टाइल बिछाने पहुंचे, विरोध के बाद योजना में किया बदलाव



*लाढ़ौत रोड पर भी विभागीय तालमेल की कमी का मामला सामने आया। यहां 92 लाख रुपये की लागत से सड़क पर टाइल बिछाने का कार्य शुरू किया गया। स्थानीय लोगों ने इसका विरोध करते हुए कहा कि यहां पहले से सीमेंट की सड़क मौजूद है इस पर पीडब्ल्यूडी के एसडीओ ने बताया कि केडी स्कूल के आसपास बरसात के समय पानी भर जाता है। पब्लिक हेल्थ विभाग द्वारा सीवर नहीं डाले जाने के कारण सड़क काट दी गई थी। लेवल सही करने के लिए टाइल बिछाई जा रही थीं।*

# रौबदार गाड़ियों पर पुलिस का ‘डंडा’

- छह महीने में स्कॉर्पियो, थार व बुलेट जैसी 5 हजार से ज्यादा गाड़ियों के पुलिस ने किए चालान
- शौक और हुड़दंग बाजी में सड़कों पर खौफ फैलाने वालों पर 2.80 करोड़ का जुर्माना भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिले में रौब और शौक के नाम पर यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाने वालों पर पुलिस ने बीते छह महीनों में कड़ा शिकंजा कस दिया है। खासतौर पर स्कॉर्पियो, थार और बुलेट बाइक जैसे रौबदार वाहनों को लेकर चलने वाली मनमानी पर पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। इस दौरान 5 हजार से अधिक वाहन चालकों के चालान काटे गए हैं। इन चालानों की कुल राशि करीब 2 करोड़ 80 लाख रुपये आंकी गई है, जिसमें से अब तक लगभग 2 करोड़ रुपये की वसूली भी की जा चुकी है। पुलिस आंकड़ों के अनुसार, इन चालानों में सबसे ज्यादा संख्या स्कॉर्पियो, थार और बुलेट बाइक की रही। इन वाहनों पर तेज रफ्तार, खतरनाक ड्राइविंग, बिना नंबर प्लेट, काली फिल्म, हूटर और फ्लैश लाइट, मॉडिफाइड साइलेंसर, गलत साइड से वाहन चलाने और ट्रैफिक नियमों की अनदेखी जैसे गंभीर आरोप पाए गए। पुलिस का कहना है कि पिछले कुछ समय से युवाओं में पावरफुल और महंगी गाड़ियों के जरिए रौब दिखाने की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ी है। कई युवा सोशल मीडिया पर रील और वीडियो बनाने के लिए सड़कों पर स्टंट करते नजर आए। तेज आवाज वाले साइलेंसर, अचानक ब्रेक, ओवरस्पीडिंग और ट्रैफिक नियमों की खुलेआम अनदेखी आम हो गई थी।




### हर चौक-चौराहे पर पुलिस की पैनी नजर

पुलिस ने शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, दिल्ली बाइपास, आईएमटी रोड, सोनीपत रोड, झज्जर रोड सहित ग्रामीण इलाकों में भी नाकाबंदी कर सघन चेकिंग की। बिना हेलमेट बुलेट बाइक चलाने वालों, सीट बेल्ट न लगाने वाले कार चालकों, मॉडिफाइड साइलेंसर, अवैध हूटर, ब्लैक फिल्म और फैंसी नंबर प्लेट लगाने वालों पर मौके पर ही चालान काटे गए। कई मामलों में नियमों का बार-बार उल्लंघन करने वाले वाहनों को जब्त भी किया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह अभियान सिर्फ जुर्माना वसूलने के लिए नहीं, बल्कि लोगों में ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से चलाया गया।

### सड़कों पर स्टंटबाजी करने वालों की कसी जा रही नकेल

पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, स्कॉर्पियो और थार जैसे चारपहिया वाहनों पर तेज रफ्तार और खतरनाक ड्राइविंग के सबसे ज्यादा मामले दर्ज हुए। बुलेट बाइक पर मॉडिफाइड साइलेंसर, बिना हेलमेट और स्टंट के चलते बड़ी संख्या में चालान किए गए। कुल 5 हजार से ज्यादा चालान काटकर करीब 2 करोड़ 80 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। इन आंकड़ों से साफ है कि पुलिस ने नियम तोड़ने वालों के खिलाफ किसी भी प्रकार की ढील नहीं बरती।

### लोग बोले-चलना मुश्किल हो गया था, अब मिलेगी राहत

पुलिस की इस कार्रवाई से आम लोगों ने राहत की सांस ली है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पहले सड़कों पर तेज आवाज वाले साइलेंसर और बेतरतीब ड्राइविंग से चलना मुश्किल हो गया था। खासकर बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को सड़क पार करने में डर लगता था। लेकिन अब पुलिस की सख्ती के बाद हालात में सुधार देखने को मिला है और ट्रैफिक व्यवस्था पहले से बेहतर हुई है।

### सड़कों पर हुड़दंग को सहन नहीं किया जाएगा



*ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है। चाहे वाहन कोई भी हो स्कॉर्पियो, थार या बुलेट-कानून सभी के लिए बराबर है। हमारी प्राथमिकता आम नागरिकों की सुरक्षा है। जो लोग सड़क को स्टंट और रौब दिखाने की जगह समझते हैं, उनके खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस की हर चौक व सड़क पर पैनी नजर है। सड़कों पर हुड़दंग को सहन नहीं किया जाएगा। पुलिस की टीमें लगातार गश्त कर रही है।*

*-सुरेंद्र भौरिया, पुलिस अधीक्षक*

## नौकरी के नाम ठगी करने वाले गिरोह का दूसरा सदस्य गिरफ्तार

- फेसबुक पर विज्ञापन देकर चमारिया के युवक से ठगी

**रोहतक।** पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर 90 हजार रुपये की ठगी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए गिरोह में शामिल दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना सदर प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि गांव चमारिया निवासी प्रवीण की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। शिकायत के अनुसार प्रवीण ने फेसबुक पर नौकरी से संबंधित एक विज्ञापन देखा था। जून-जुलाई 2025 में उसके पास दिल्ली निवासी राहुल नामक युवक का फोन आया। राहुल ने उसे एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा और दिल्ली में एमटीएस की नौकरी दिलाने का झांसा दिया। राहुल ने कहा कि एक लाख रुपये में नौकरी पक्की करा दी जाएगी, पहले 40 हजार रुपये मांगे गए, जो प्रवीण ने बताए गए स्कैनर पर ट्रांसफर कर दिए। 12 दिसंबर 2025 को प्रवीण द्वारका मोड़ पहुंचा, जहां राहुल और उसका साथी सुधीर मिले। वहां उसे 2-3 दिन में ज्वाइनिंग लेटर मिलने की बात कही गई। इसके बाद अलग अलग बहाने से दो बार तीस- तीस हजार ले लिए और नियुक्ति पत्र थमा दिया,जो बाद में नकली निकला। मामले में पुलिस ने सुधीर को गिरफ्तार किया है, इससे पहले एक अन्य आरोपी पकड़ा गया था।

# लाइब्रेरी में नौकरी के नाम पर 20 लाख ठगे

**रोहतक।** पुलिस ने पीएमएमएल (प्राइम मिनिस्टर म्यूजियम एंड लाइब्रेरी) में नौकरी दिलाने के नाम पर 20 लाख रुपये की ठगी के मामले को सुलझाते हुए वारदात में शामिल मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आथाना सांपला प्रभारी उपनिरीक्षक पंकज कुमार ने बताया कि गांव भैसरू खुर्द निवासी प्रमोद की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि प्रमोद की कुछ समय पहले दिल्ली निवासी अतुल से जान-पहचान हुई थी। अतुल ने खुद को गृह मंत्रालय में एसएसओ पद पर कार्यरत बताया और भरोसा दिलाया कि वह पीएमएमएल में तीन-चार युवाओं को कॉन्ट्रैक्ट बेस पर नौकरी लगवा सकता है। आरोपी ने प्रति व्यक्ति 4 लाख रुपये की मांग की। प्रमोद ने उसकी बातों में आकर गांव के गगन, सचिन, मोनिका और नेहा के कागजात उसे सौंप दिए। इसके बदले प्रमोद ने अतुल को कुल 20 लाख रुपये दिए, जिनमें 3 लाख रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर किए गए और 17 लाख रुपये नकद दिए गए।

### फर्जी ज्वाइनिंग लेटर थमाए, गिरफ्तार

करीब एक महीने बाद आरोपी ने पीएमएमएल की फर्जी ज्वाइनिंग लेटर बनाकर दे दिए। जब युवाओं को नौकरी नहीं मिली और शक गहराया, तो पीड़ित ने पुलिस को शिकायत दी। मामले की जांच पीएसआई सुशील द्वारा की गई। जांच के दौरान 21 जनवरी को पुलिस टीम ने छापेमारी कर मुख्य आरोपी अतुल पुत्र सुरेश निवासी गांव बुराड़ी, दिल्ली (हाल निवासी उदयपुर, राजस्थान) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर यह पता लगाने में जुटी है कि इस तरह की ठगी में और कौन-कौन लोग शामिल हैं और कहीं यह कोई बड़ा गिरोह तो नहीं।



## फास्टैग रिचार्ज के नाम पर सुपर फास्ट ठगी

# ठगों के भेजा लिंक, जैसे ही क्लिक किया तीन बैंक खातों से निकले ‘खटाखट’ 1.93 लाख रुपये

**रोहतक।** पुलिस के साइबर थाना की टीम ने फास्टैग रिचार्ज के नाम पर 1 लाख 93 हजार रुपये की ठगी करने वाले गिरोह में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया है। साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि 21 जुलाई 2022 को काट मंडी निवासी आदित्य ने थाना साइबर में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत के आधार पर थाना साइबर केस दर्ज कर जांच शुरू की गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आदित्य के पास एक ट्रक है। 17 जुलाई 2022 को उसने अपने ट्रक के फास्टैग को रिचार्ज कराने के लिए गूगल पर मोबाइल सर्च किया और उस नंबर पर कॉल की। फोन पर बात करने वाले युवक ने भरोसा दिलाया कि 24 घंटे में फास्टैग अपडेट हो जाएगा और खाते से केवल एक रुपये की कटौती होगी। उसी दिन आदित्य के एचडीएफसी बैंक खाते से एक रुपये की कटौती हो गई, जिससे उसे कॉल सही लगने लगी। अगले दिन 18 जुलाई 2022 को आदित्य ने दोबारा उसी नंबर पर संपर्क किया। युवक ने आदित्य के मोबाइल पर एक लिंक भेजा और उस पर क्लिक करने को कहा।

### आरोपी बिहार से गिरफ्तार, आपराधिक रिकॉर्ड

लिंक पर क्लिक करने के बाद आदित्य ने अपने डेबिट कार्ड की जानकारी, ट्रक नंबर और अन्य जरूरी विवरण साझा कर दिए। इसके बाद आरोपी ने तीन और लिंक भेजे और उन्हें मोबाइल पर फॉरवर्ड करने को कहा। कुछ ही देर में आदित्य के अलग-अलग बैंक खातों से पैसे निकल गए। आदित्य के एसबीआई खाते से 79 हजार रुपये, पीएनबी खाते से 15 हजार रुपये और एचडीएफसी बैंक खाते से 99 हजार रुपये निकाल लिए गए। इस तरह आरोपी ने धोखाधड़ी कर कुल 1 लाख 93 हजार रुपये की ठगी को अंजाम दिया। मामले में पुलिस ने आरोपी रविकांत को बिहार से गिरफ्तार किया। जांच में सामने आया है कि आरोपी का पूर्व में भी आपराधिक रिकॉर्ड रहा है।

## डीएलसी सुपवा के ‘सांग समागम’ में हरियाणवी संस्कृति हुई जीवंत

# दिग्गज सांगियों की रागिनियों और ढोल की थाप के मधुर स्वरों से दर्शक मंत्रमुग्ध

फौजी मेहर सिंह, पंडित मांगे राम, प्रदीप राय निंदाना व अन्य सांगियों के परिवार सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

ढोल की थाप, कथात्मक गायन और शब्दों की कच्ची ताकत के साथ दादा लख्मी चंद राज्य प्रदर्शन एवं दृश्य कला विश्वविद्यालय (डीएलसी सुपवा) का परिसर वीरवार को जीवंत हो उठा, जब विश्वविद्यालय ने अपना पहला ‘सांग समागम’ आयोजित किया। यह आयोजन हरियाणा की प्रतिष्ठित लोक-नाट्य परंपरा सांग के पुनर्जागरण की दिशा में एक सशक्त सांस्कृतिक पहल के रूप में सामने आया। समागम हरियाणा की जीवित सांस्कृतिक स्मृति का उत्सव बन गया, जहां तीन दिग्गज सांग कलाकारों की प्रभावशाली प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लोक रंगमंच प्रेमी, संस्कृति अध्येता, कलाकार और हरियाणवी लोक परंपराओं के प्रमुख संवाहक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जिससे विश्वविद्यालय परिसर स्वर, लय और कथा का स्पंदित मंच बन गया।



### किस्सा चाप सिंह वीरगाथा पर प्रस्तुति

कार्यक्रम की शुरुआत में पंडित विष्णु दत्त एवं उनकी टीम ने किस्सा चाप सिंह की प्रस्तुति देकर वीरगाथा और नाटकीय प्रवाह को मंच पर जीवंत किया। इसके बाद डॉ. सतीश कश्यप एवं उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत सांगत कबीर में आध्यात्मिक चिंतन और लोक-कथात्मक तीव्रता का सुंदर संगम देखने को मिला। इसके बाद समापन प्रदीप राय एवं उनकी टीम की ऊर्जावान प्रस्तुति लीलो चमन से हुआ, जिसने अपनी भावनात्मक गहराई और मंचीय प्रभाव से जोरदार तालियां बटोरीं।

### परिवार भावविभोर

कार्यक्रम में महान सांग प्रतीकों शहीद फौजी मेहर सिंह, पंडित मांगे राम, प्रदीप राय निंदाना, पंडित विष्णु दत्त जी और सूर्य कवि बाजे भगत के परिवारजनों और सहयोगियों को सांग परंपरा में उनके कालजयी योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सम्मान ग्रहण करते हुए परिजनों ने मंच से अपने भाव व्यक्त किए और इस परंपरा को विश्वविद्यालय स्तर पर सम्मान दिए जाने के लिए आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के महत्व पर बोलते हुए कुलपति डॉ. अमित आर्य ने कहा, सांग अतीत की कोई धरोहर मात्र नहीं, बल्कि हरियाणा की सामाजिक स्मृति, साहस, हास्य और विवेक को वहन करने वाली एक जीवंत परंपरा है।



### शिक्षामंत्री व अन्य मौजूद रहे

इस अवसर पर हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, हरियाणा राज्य सूचना आयुक्त अमरजीत सिंह, महार्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह, एनसीजेडसीसी के सदस्य अजय गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, एलपीएस बॉसार्ड के प्रबंध निदेशक राजेश जैन, सीबीएलयू भिवानी की कुलपति प्रो. दीप्ति धामानी, आईजीयू मीरपुर के कुलपति सहित अन्य मौजूद रहे।

### विश्वविद्यालय को सोलर प्लांट का तोहफा, साल में 40 लाख रुपये बचेंगे

*शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने गुरुवार को दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्टस को सोलर प्लांट का तोहफा दिया। सांग समागम में शिरकत करने से पहले उन्होंने यूनिवर्सिटी परिसर में रूफ टॉप सोलर प्लांट का बटन दबाकर उद्घाटन किया। इस दौरान कुलगुरु डॉ. अमित आर्य ने बताया कि यूनिवर्सिटी में 400 किलोवाट क्षमता का ऑन ग्रिड रूफ टॉप सोलर प्लांट लगाया गया है। इसे तैयार करने में करीब डेढ़ करोड़ रुपये की लागत आई है। यूनिवर्सिटी का मकसद ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देना है। सोलर प्लांट हर महीने करीब 48 हजार यूनिट बिजली का उत्पादन करेगा, जिससे बिजली के बिल में बड़ी राहत मिलेगी। प्लांट से सालाना 40 लाख रुपये बिजली बिल कम होने का अनुमान है।*

# भैयापुर व मकड़ौली खुर्द में अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर




**रोहतक।** प्रशासनिक अमले ने गांव भैयापुर व मकड़ौली खुर्द में लगभग 13.5 एकड़ भूमि में विकसित की जा रही दो अवैध कॉलोनियों में तोड़फोड़ चलाया। , जिसमें 3 निर्माणाधीन, सीवरेज सिस्टम, 10 चारदीवारी, पक्का रोड़ नेटवर्क और डब्ल्यूबीएम रोड नेटवर्क को ध्वस्त किया गया। ध्यान रहे कि पंद्रह बीस दिन पहले भी इन दोनों गांव की जमीन में बनाए गए अवैध पक्के निर्माण तोड़े गए थे। इसके बावजूद निर्माण कार्य बंद नहीं हो रहे। वीरवार के तोड़-फोड़ अभियान में जिला नगर योजनाकार कार्यालय के अधिकारी तथा कर्मचारी मौजूद रहे तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने व किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तोड़ फोड़ अमले के साथ मौजूद रहा। जिला नगर योजनाकार सुमनदीप ने नागरिकों से अपील की है कि वह अवैध कॉलोनियों में किसी प्रकार का निवेश न करें।



हर देश का अपना एक राष्ट्रगान, राष्ट्रीय ध्वज होता है। साथ में राष्ट्रगीत और कुछ राष्ट्रीय प्रतीक भी होते हैं। इसके साथ राष्ट्रीय पशु-पक्षी और फूल भी होते हैं। इन सबके बारे में नंदन को उसकी दीदी, मां-पिता और टीचर ने विस्तार से जानकारी दी। इनके बारे में जानकर नंदन को अपने देश पर बड़ा गर्व महसूस हुआ। बच्चो, तुम भी जानो इन सबके बारे में।

# देश की शान-पहचान हमारे राष्ट्रीय प्रतीक



ज्ञान वार्ता
विमला भंडारी

नंदन को स्कूल से पुस्तकें मिली थीं। वह बिस्तर पर लेटा हुआ उन्हें उलट-पुलट कर देख रहा था। पुस्तक के अंतिम पृष्ठ पर लिखी पंक्तियां वह गुनगुनाने लगा, 'जन-गण-मन अधिनायक जय हे भारत भाग्य विधाता...।'

**राष्ट्रगान का करो सम्मान:** नंदन के कमरे के सामने से गुजरती दीदी ने जब अपने छोटे भाई को लेटे-लेटे राष्ट्रगान गाते सुना तो उन्होंने टोका, 'नंदन, यह क्या? राष्ट्रगान को इस तरह लेटकर नहीं गाया जाता।' 'क्यों



दीदी?' नंदन ने उठकर बैठते हुए उत्सुकतापूर्वक दीदी से पूछा। 'अरे, तुम्हें इतना भी नहीं पता! राष्ट्रगान को हमेशा सावधान की मुद्रा में खड़े होकर खुले आसमान के नीचे राष्ट्रध्वज के सामने गाया जाता है।' दीदी ने बताया। 'अगर लेटकर, बैठकर या चलते हुए गाएं तो दीदी?' नंदन ने आगे पूछा। 'नहीं, इससे हमारे राष्ट्रगान का अपमान होता है। राष्ट्रगान का सम्मान करना हमारे देश प्रेम की भावना को प्रकट करता है। अब कभी-भी कहीं भी चलते या बैठे हुए तुम्हारे कानों में यदि राष्ट्रगान की धुन भी सुनाई पड़ जाए, तो तुरंत वहीं ठहरकर सावधान की मुद्रा में खड़े हो जाना। फिर गान की समाप्ति पर श्रद्धा से शीश झुका देना, यह तुम्हारा मातृभूमि को किया गया नमन होगा।' दीदी ने नयन को समझाया।



'ओह दीदी! अनजाने में कितनी बड़ी गलती कर बैठा मैं।' नयन ने अपने माथे पर हाथ रखते हुए कहा। 'अच्छा नंदन, अब मैं चलती हूं। आज शाम को मैं तुम्हें राष्ट्रीय चिन्हों से संबंधित बातें बताऊंगी। अभी मुझे अपने स्कूल जाना है। तुम तो देर से निकलोगे, क्योंकि तुम्हारा स्कूल तो पास में ही है।' दीदी ने अपना बैग समेटते हुए कहा और नंदन को 'बाय' करके अपने स्कूल चली गईं।

**जानो अपने राष्ट्रीय चिन्ह:** दीदी की बातें सुनकर नंदन की उत्सुकता बढ़ गई थी। वह दौड़ा-दौड़ा मां के पास आकर बोला, 'मां-मां, मुझे राष्ट्रीय चिन्हों के बारे में बताओ न!'

'अभी बताती हूं, पहले मेरे पर्स से एक नोट लेकर आओ।' मां बोलीं। नंदन ने मां को एक नोट लाकर दिया। मां बताने लगीं, 'यह देखो नंदन, हमारा राष्ट्रीय चिन्ह जो कि वाराणसी के पास सारनाथ में सम्राट अशोक द्वारा बनाए गए 'सिंह स्तंभ' से लिया गया है। और ये देखो, नीचे की इस चौरस पट्टी के बीच एक चक्र बना हुआ है, जिसके दाईं ओर सांड और बाईं ओर घोड़े का चित्र बना हुआ है। बीच में देखो, 'सत्यमेव जयते' लिखा हुआ है, जो हमारे राष्ट्र का आदर्श वाक्य भी है। 'सत्यमेव जयते' का अर्थ है-सत्य की हमेशा विजय होती है। यही चक्र तुम तिरंगे झंडे में भी देखते हो...।' मां ने बताया।


**तीन रंगों वाला हमारा राष्ट्रीय ध्वज:** बात जब तिरंगे झंडे की आई तो नंदन झट से बोला, 'हां मां, झंडे के तीनों रंग मुझे मालूम हैं। सबसे ऊपर केसरिया, बीच में सफेद और नीचे हरा।'

'हां, राष्ट्रीय ध्वज की सफेद पट्टी पर नीले रंग का यह चक्र बना हुआ है। जिसे अशोक चक्र कहते हैं। यह हमारी प्रगति का सूचक है। तिरंगे के सभी रंग अपने अंदर संदेश समाहित किए हुए हैं।' तभी पापा ने उसे अपने पास बुलाया, 'इधर आओ नंदन, मैं तुम्हें बताता हूं।' पापा ने नंदन को अपने बगल में बैठाया और बोले, 'झंडे के ऊपर का केसरिया रंग हमारी वीरता का प्रतीक है। यह रंग हमें संदेश देता है कि हम हमारे वीरों



की भांति अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहें। सफेद रंग शांति का प्रतीक है, जो विश्व में शांति का संदेश देता है। हरा रंग हमारी समृद्धि और खुशहाली का प्रतीक है।' नंदन ने अपने पापा की सारी बातें बहुत ध्यान से सुनीं। उसके स्कूल जाने का समय हो चुका था, तैयार होकर वह स्कूल के लिए निकल पड़ा।

**राष्ट्रगान और राष्ट्रीय गीत के रचयिता:** नंदन स्कूल आया तो वहां प्रार्थना के बाद राष्ट्रगान गाया गया। अपनी क्लास में पहुंचकर नंदन सभी बच्चों को राष्ट्रीय चिन्ह और ध्वज के बारे में बताने लगा। इतने में क्लास टीचर ने प्रवेश किया। उन्होंने अंदर आते समय नंदन की कुछ बातें सुन ली थीं। सभी बच्चों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। 'अच्छा बच्चो, क्या तुम बता सकते हो कि हमारे राष्ट्रगान के रचयिता कौन थे?' क्लास टीचर के इस प्रश्न पर पूरी कक्षा मौन हो गई। टीचर ने बताया, 'रवींद्रनाथ टैगोर, राष्ट्रगान के रचयिता थे। उन्होंने यह गीत 1912 में लिखा तथा इसे राष्ट्रगान के रूप में 24 जनवरी 1950 को स्वीकार किया गया। इसी तरह बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित गीत 'वंदे मातरम्' को राष्ट्रीय गीत के रूप में मान्यता मिली है।'




अपने राष्ट्र के महत्व की इतनी सारी रोचक और महत्वपूर्ण जानकारी पाकर नंदन, बहुत खुश और गौरवान्वित महसूस कर रहा था। *

## राष्ट्रीय पक्षी, पशु और फूल

घर आने के बाद नंदन दीदी के स्कूल से लौटने का इंतजार करने लगा। वह सोच रहा था कि आज मालूम पड़ी सारी नई जानकारियां बताकर दीदी को चौंका देगा। लेकिन हुआ इसका उल्टा। जब दीदी ने उससे राष्ट्रीय पक्षी, राष्ट्रीय पशु और राष्ट्रीय फूल के बारे में पूछा तो वह नहीं बता पाया। अभी इनके बारे में तो जानना बाकी ही था! दीदी ने नंदन को बड़े प्यार से बताया कि अपना राष्ट्रीय पक्षी मोर, राष्ट्रीय पशु बाघ और राष्ट्रीय फूल कमल है।







कविता / सूर्यकुमार पांडेय

## धम्मक-धम्मक-धम



आई है छब्बीस जनवरी,
खुशियों का आलम।
लहर रहा हर ओर तिरंगा,
फहर रहा परचम।
धम्मक-धम्मक-धम।
धम्मक-धम्मक-धम।
संविधान की रक्षा की,
खाते हैं आज कसम।
'जन-गण-मन' के साथ गा रहे,
'वंदे मातरम्' हम।
धम्मक-धम्मक-धम।
धम्मक-धम्मक-धम।
देश हमारा दिन-दिन विकसित,
करें सभी परिश्रम।
शांति-अहिंसा वाला मौसम,
बना रहे हरदम।
धम्मक-धम्मक-धम।
धम्मक-धम्मक-धम।

कविता / राजेंद्र श्रीवास्तव

## गाओ वंदे मातरम्

गाओ वंदे मातरम्
गाओ वंदे मातरम्।
राष्ट्रगीत के बोल निराले।
मन में ओज जगाने वाले।
मनभावन लय स्वर सरगम।
गाओ वंदे मातरम्।
जननी जन्मभूमि की जय हो।
जग में यश अनंत अक्षय हो।
सुखदाई शुभ सुंदरम्।
गाओ वंदे मातरम्।
आओ मिलकर कदम बढ़ाएं।
भारत माता का यश गाएं।
ध्वज निर्भय फहराएं हम।
गाओ वंदे मातरम्।



तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## देशभक्ति बाल कविताएं



बच्चो, हाल में छपकर आई 'हम हैं सैनिक भारत के' किताब में 101 देशभक्ति की भावना से भरी हुई कविताएं संकलित हैं। इसके रचनाकार डॉ. वेद मित्र शुक्ल हैं। इस किताब में ज्यादातर कविताएं, भारत के वीर सैनिकों, स्वाधीनता सेनानियों और भारतीय सेना के अदम्य साहस पर लिखी गई हैं। पहले खंड में तुम उन परमवीर चक्र विजेता सैनिकों के बारे में कविताएं पढ़ सकते हो, जिन्होंने अलग-अलग युद्धों में अदम्य वीरता का परिचय दिया। इनके अलावा वीर सेनानी महापुरुष, भारत की सेनाएं, राष्ट्रीय पर्व, प्रयाण गीत समेत कुछ अन्य खंडों में भी ओज से भरी अनेक देशभक्ति की कविताएं पढ़ सकते हो। बच्चो, इस किताब में संकलित देशप्रेम में रंगी इन प्यारी-प्यारी कविताओं को पढ़कर निश्चित ही तुम्हारे मन में देशभक्ति की भावना का संचार होगा। तुम भी अपने देश के विकास और उसकी सुरक्षा में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित होगे। *

**किताब:** हम हैं सैनिक भारत के (बाल कविताएं), **लेखक:** डॉ. वेद मित्र शुक्ल, **मूल्य:** 395 रुपए, **प्रकाशक:** सर्वभाषा प्रकाशन, नई दिल्ली

## बूझो तो जानें



1. वर्ष के प्रथम माह में आती,
धूमधाम से मनाई जाती,
लागू हुआ इस दिन संविधान,
बढ़ाया हमारा मान-सम्मान।



2. तिरंगे की जो शोभा बढ़ाए,
गतिशीलता का प्रतीक बन जाए,
चौबीस तीलियां जिसमें समाएं,
बताओ बच्चो, वह क्या कहलाए।


3. एक रंग है साहस का,
दूजा शांति का कहलाता,
तीजा रंग है उर्वरता का,
देश की शान है माना जाता।

-नलिन खोईवाल

उत्तर : 1. 26 जनवरी, 2. अशोक चक्र, 3. तिरंगे के तीन रंग- केसरिया, सफेद और हरा

## जीके क्विज-189

1. इस साल गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि कौन होंगे?
2. इस वर्ष कौन-सा गणतंत्र दिवस मनाया जा रहा है?
3. आज भारत के किस महान स्वाधीनता सेनानी की जयंती है?
4. भारतीय सेना दिवस कब मनाया जाता है?
5. हाल ही में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व किस राज्य में मनाया गया?
6. भारत का संविधान किस वर्ष लागू हुआ था?
7. भारतीय संविधान की ड्राफ्टिंग कमिटी के अध्यक्ष कौन थे?
8. भारतीय संविधान में कितने मूल अधिकार शामिल हैं?
9. संविधान सभा के प्रथम अध्यक्ष कौन थे?
10. राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' किसने लिखा था?



बच्चो, जीके क्विज-189 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-188 का उत्तर :** 1.उत्तर प्रदेश, 2.सोजर्ड मारिजने, 3.जस्टिस सूर्यकांत, 4.दिल्ली, 5.अल्बर्ट आइंस्टाईन, 6.अमेजन वर्षा वन, 7.महाराष्ट्र, 8.जम्मू कश्मीर, 9.सहारा, 10.जवाहरलाल नेहरू

**जीके क्विज-188 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, शुभम-दुर्ग, गुंजा-रायपुर, सचिन-बिलासपुर, हर्ष-रोहतक, रचित-बिलासपुर, काव्या-बेमेतरा, सूरज-रायगढ़, किंशुक-महासमुंद, प्राची-बालोद



कहानी
डॉ. अलका जैन 'आराधना'

हर बार बड़े उत्साह से वसंत पंचमी का उत्सव मनाने वाले सोहम का इस बार मन सही नहीं था। असल में उसके पास पहनने के लिए पीली ड्रेस नहीं थी। दोस्तों को जब यह बात पता चली तो उन्होंने सोहम को पीले रंग की छटा से ऐसा सजाया कि वह वसंत राजा बन गया। वासंती रंग में रंगी दोस्तों की एक प्यारी-सी कहानी।

## वसंत राजा




हर साल वसंत पंचमी उत्सव में सबसे आगे रहने वाला सोहम इस बार शांत था। कॉलोनी के पार्क में बच्चे वसंत उत्सव की तैयारी में लगे थे। वे रंग-बिरंगे रिबन, पीले फूलों की झालरें लगा रहे थे, लेकिन सोहम के भीतर कोई उमंग-उत्साह नहीं दिख रहा था। यह देखकर आयुष ने पूछा, 'अरे सोहम, वसंत पंचमी का त्योहार है और तुम ऐसे उदास क्यों हो?'

सोहम नजरें झुकाते हुए बोला, 'ऐसा कुछ नहीं है, बस यूं ही शांत हूं।'

सारा तुरंत बोली, 'ऐसा कुछ नहीं क्या..? तुम तो वसंत पंचमी उत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हो। याद है, पिछले साल तुमने सबसे बड़ी रंग-बिरंगी पूंछ वाली पतंग उड़ाई थी।' सोहम धीरे से बोला, 'इस बार मन नहीं है।' लेकिन ऐसा क्यों, उसने दोस्तों को इसकी वजह नहीं बताई।

कुछ देर बाद दोपहर में सजे पार्क में सब बच्चे नई पीली ड्रेस पहनकर चहक रहे थे। कियारा दोस्तों के बीच उछलते हुए आई और बोली, 'मुझे देखो, मेरी मम्मी ने मेरे लिए सरसों के फूल जैसी कितनी प्यारी-सी फ्रॉक बनाई है।'

अनंत हंसते हुए बोला, 'और मेरा कुर्ता भी देखो, मैं चलता हूं तो लगता है हवा लहरा रही है।' सब बच्चे खुश तो थे, लेकिन अपने बीच सोहम के ना होने की कमी उन्हें अखर रही थी। आयुष से ना रहा गया, बोला, 'कुछ गड़बड़ है। हमें पता लगाना चाहिए, सोहम आज वसंत उत्सव में आखिर क्यों नहीं शामिल हुआ?'

सारा भी बोली, 'हां, सोहम के बिना वसंत पंचमी का उत्सव फीका लग रहा है।'

कियारा बोली, 'चलो, उसके घर चलते हैं। जानते हैं कि वह वसंत उत्सव में क्यों नहीं आया?' तीनों सोहम के घर पहुंचे। सोहम दोस्तों को देखकर चौंका, 'अरे, तुम लोग यहां!' आयुष ने आगे बढ़कर सोहम के कंधे पर हाथ रखा और प्यार से पूछा, 'सच-सच बताओ दोस्त, तुम वसंत उत्सव कार्यक्रम में क्यों नहीं आए?'

सोहम थोड़ा रुका, फिर धीमी आवाज में बोला, 'मेरे पास वसंत उत्सव में पहनने के लिए पीली ड्रेस नहीं है। इस महीने घर में बहुत ज्यादा खर्चा था, इस वजह से मम्मी-पापा ड्रेस खरीद नहीं पाए। पुरानी ड्रेस तो छोटी हो गई है। सब लोगों ने तो इतनी सुंदर-सुंदर पीली ड्रेस पहन रखी हैं। मैं अकेला पुरानी ड्रेस में बुरा लगूंगा, इसलिए नहीं आया।' सारा ने अपनी आंखें गोल-गोल घुमाईं और बोली, 'बस इतना सा कारण। अरे! तो हम लोग किसलिए हैं?'

अनंत मुस्कुराया, 'मिशन पीला सोहम शुरू!' सबसे पहले आयुष घर जाकर अपने पापा की पुरानी पीली टी-शर्ट लेकर आया। उसने पूछा, 'ये कैसी है?'

सोहम ने टी-शर्ट देखते ही कहा, 'अरे! यह तो मेरे घुटनों तक आएगी!'

सब हंसने लगे। तभी कियारा भी अपने घर भागी और अपने भाई की पीली जैकेट लेकर आई। सोहम को देकर बोली, 'यह पहन लो।' सोहम ने जैकेट पहनी। जैकेट की चेन बीच में फंस गई। सोहम बोला, 'इसके अंदर तो मेरी सांसें बंद हो जाएंगी।'

अनंत बोला, 'रुको, मेरे पास आइडिया है।' यह कहते हुए वह बहुत तेजी से अपने घर की ओर भागा और पीले रिबन, पीला चार्ट पेपर, ग्लिटर और स्टार स्टिकर्स लेकर लौटा। सारा उछल पड़ी, 'वाह! अब हम स्वयं बनाएंगे वसंत राजा सोहम की वसंत पंचमी ड्रेस। सबसे यूनिक ड्रेस होगी यह।'

कॉलोनी के पार्क की बेंच पर बैठकर बच्चों ने ड्रेस डिजाइनिंग शुरू की।

अनंत ने पीले-पीले रिबन काट-काटकर उसके कंधों पर लगाए। कियारा ने उसके सीने पर एक सूरजमुखी के शेप का ब्रोच भी लगा दिया।

सारा ने ग्लिटर से लिखा-वसंत राजा। सोहम ने जब अपनी नई ग्लिटरी थोड़ी टेढ़ी और चमकदार ड्रेस पहनी तो वह आश्चर्यचकित रह गया, बोला, 'सच में क्या मैं वसंत राजा लग रहा हूं?'

आयुष बोला, 'अरे, तुम राजा क्या चलती-फिरती वसंत की बहार हो!'

सब खिलखिला कर हंस पड़े।

वसंत पंचमी कार्यक्रम शुरू हुआ। मंच पर ड्रेस शो के लिए बच्चों को बुलाया जाने लगा। एनाउंसर ने एनाउंस किया, 'और अब आ रहा है हमारा वसंत का राजा!'

स्पॉटलाइट जैसे ही सोहम पर पड़ी लोग उछल पड़े। कार्यक्रम स्थल तालियों से गूंज उठा। एक अंकल बोले, 'इतनी क्रिएटिव ड्रेस डिजाइनिंग किसने की है?'

आयुष, सारा, अनंत और कियारा एक साथ बोले, 'हमने!' फिर सोहम ने माइक पर आकर बताया, 'मेरे दोस्तों ने मुझे अहसास कराया कि त्योहार पर दोस्त साथ हों तो कभी कोई फीका नहीं पड़ सकता। खुशियों से खिल उठता है।'

इसी बीच जजेस ने ऐलान किया, 'वसंत पंचमी की बेस्ट ड्रेस का पुरस्कार सोहम को मिलेगा।'

पूरा कार्यक्रम स्थल एक बार फिर तालियों से गूंज उठा। बच्चे भी खुशी से नाच उठे। *

कविता
डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'



## लो, वसंत की ऋतु आई है!

लगे परी-सी धरती रानी,
देख इसे होती हैरानी।
निखर उठी है अजब छटा से
आज अनोखी प्रकृति सुहानी।
पेड़ झूमते हैं मस्ती में,
डाली-डाली बौराई है।
लो वसंत की ऋतु आई है।
फूलों से लद गए बगीचे,
भौंरे फिरते आंखें मींचे।
यों लगता है जैसे अंबर,
भू पर भर-भर खुशी उलीचे।
शब्द सरीखे इस मौसम का
रंग-ढंग सब सुखदाई है।
लो, वसंत की ऋतु आई है।
नाच रही गेहूं की बाली,
झूम रही सरसों मतवाली।
देख नजारा पौध चने के
हंस-हंस बजा रहे हैं ताली।
कोयलिया का गीत, हवा की
सरगम सबके मन भाई है।
लो वसंत की ऋतु आई है।

## रंग भरो-194

**रंग भरो-194** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




रशिका, जांजगीर


समृद्धि, शहडोल


धरा, रायपुर


पयोधि, अंबिकापुर


ओविया, बिलासपुर


प्रमाण, बालोद

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

भूमि-अटेली मंडी, अमोल-बेमेतरा, आशना-जांजगीर, चेतन-दुर्ग, दिशांत-महेंद्रगढ़, कल्पित-बालोद, कुहू-बिलासपुर, रेयांश-बिलासपुर, खुशी-भिवानी, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सोहम-रोहतक, हर्षिता-कोरबा

## रंग भरो 195



बच्चो, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में दो बच्चे रिपब्लिक-डे के अवसर पर हमारे नेशनल फ्लैग को सैल्यूट कर रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## कबड्डी चैंपियंस लीग ट्रॉफी टूर के स्वागत के समय बोले अर्जुन अवॉर्डी खिलाड़ी


# हमारी टीम पूरी तरह संतुलित, निश्चित रूप से हम ही जीतेंगे ट्रॉफी: नरवाल

रोहित डागर ▶▶| रोहतक

रोहतक रॉयल्स फ्रेंचाइजी ने काफी अच्छी सुविधा दी है। कोशिश करेंगे कि टीम शानदार प्रदर्शन करे। पूरी टीम संतुलित होकर खेलेगी, तो वे निश्चित रूप से ट्रॉफी जीतेंगे। हमारी टीम रोहतक रॉयल्स पूरी तरह संतुलित है। टीम एक परिवार की तरह एकजुट होकर खेलेंगी। ऐसा कहना अर्जुन अवॉर्डी खिलाड़ी संदीप नरवाल का। वे बुधवार को कबड्डी चैंपियंस लीग ट्रॉफी टूर के स्वागत के समय रोहतक रॉयल्स की टीम के साथ जाट भवन पर मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि कबड्डी एक सामूहिक खेल है और केवल आपसी सहयोग से ही बड़ी जीत हासिल की जा सकती है। मैंने बचपन से ही ऑलराउंडर का अभ्यास किया है। उन्होंने बताया कि कोच सुरेंद्र नाडा को पता है। संदीप को मैच किसी भी कॉर्नर पर खिला लो वह अच्छा करेगा। मैंने काफी लंबा समय कबड्डी में निकाला है। उन्होंने आज के समय में खिलाड़ियों के बीच बढ़ते डोपिंग के मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए संदीप ने युवाओं को एक खास सलाह दी। उन्होंने कहा कि मेरी गुज़ारिश है कि खिलाड़ी नशा और ड्रग्स से दूर रहें। जितना समय आप गलत संगति में बिताते हैं, उतना समय अगर आप मिट्टी में या स्टेडियम में देंगे, तो आप एक बेहतर इंसान और खिलाड़ी बन पाएंगे। उन्होंने बताया कि देश के लिए सबसे ज्यादा मेडल हरियाणा के खिलाड़ी जीतते है। उन्होंने कहा कि मुझे खेल से बहुत ज्यादा मान-सम्मान मिला है। कबड्डी से ही मुझे अर्जुन अवॉर्ड, भीम अवॉर्ड व अच्छी नौकरी मिली है।

### जैसे देश के लिए क्रिकेट वैसे ही रोहतक के लिए कबड्डी: सुरेंद्र मलिक

टीम के मलिक सुरेंद्र मलिक ने कहा कि जैसे देश के लिए क्रिकेट वैसे ही रोहतक के लिए कबड्डी। यह रोहतक में काफी प्रसिद्ध है इसलिए हमने कबड्डी चैंपियंस लीग के लिए रोहतक को चुना व रोहतक रॉयल्स की टीम बनाई। उन्होंने कहा कि टीम से काफी उम्मीदे है। कोशिश करेंगे कि टीम टॉफी जीते। उन्होंने कहा कि टीम खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित भी किया। वहीं, टीम के मालिक गजेंद्र शर्मा ने बताया कि अभी टीम शिविर में अभ्यास कर रही है। उन्होंने बताया कि टीम को स्पेशल डाइट दी जा रही है। उन्होंने बताया कि कबड्डी चैंपियंस लीग का उद्धेश्य है कि अच्छे खिलाड़ी निकलकर आगे आए। जिन खिलाड़ियों को प्रो कबड्डी में मौका नहीं मिलता उनको कबड्डी चैंपियंस लीग में मौका मिलेगा। इससे युवा खिलाड़ियों के खेल में भी सुधार आएगा।


रोहतक। संदीप नरवाल।

### राज्य स्तरीय इंटर कॉलेज बॉस्केटबॉल में रोहतक ने गुड़गांव की टीम को हराया

**रोहतक।** पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय में राज्यस्तरीय इंटर कॉलेज बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता महिला और पुरुष वर्ग के पहले दिन कुल पांच मैच खेले गए। पहले मैच में महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय रोहतक ने गवर्नमेंट कॉलेज गुड़गांव 65-18 से हराया। प्रतियोगिता में 20 टीमें हिस्सा ले रही है। जिसमें लगभग 250 प्रतिभागी शामिल रहे । बतौर मुख्य अतिथि पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर के सुपुत्र हिमांशु ग्रोवर ने शिरकत की। विशिष्ट अतिथि के रूप में , जिला उच्च शिक्षा अधिकारी महेंद्रगढ़ व रधानाचार्य राजकीय कन्या महाविद्यालय बाढडा प्रोफेसर अनिल कुमार ने शिरकत की। दूसरे मैच में गवर्नमेंट कॉलेज करनाल ने केएल मेहत्ता कॉलेज फरीदाबाद को 34-18 पॉइंट से हराया। तीसरे मैच में टीआरजीसी कॉलेज सोनीपत ने डीएन कॉलेज हिसार 42-9 से हराया। चौथे मैच में गवर्नमेंट कॉलेज करनाल ने नेकी राम कॉलेज रोहतक को 21-12 व पांचवें मैच में गवर्नमेंट कॉलेज इसराना ने डीएमसी कॉलेज गोहाना को 18-6 से हराया। इस अवसर पर चौधरी देवीलाल यूनिवर्सिटी सिरसा के रिटायर्ड प्रोफेसर शमशेर सिंह जंग बहादुर भी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि का कॉलेज में पहुंचने पर प्राचार्य प्रोफेसर सुरेंद्र सांगवान, वाइस प्रिंसिपल डॉक्टर सुशील दलाल और कॉलेज काउंसलिंग के सदस्यो ने मिलकर स्वागत किया।

### जीता एमडीयू ने अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय महिला टेनिस का खिताब

**रोहतक।** मेजबान महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) की महिला टेनिस टीम ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय महिला टेनिस प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले में एमडीयू की टीम ने पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ की सशक्त टीम को पराजित कर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया, जबकि पंजाब यूनिवर्सिटी को उपविजेता बनकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। एमडीयू की टीम में अंजलि राठी, रीनी सिंह, कनिका व अंजलि शामिल रहे। पूरी प्रतियोगिता के दौरान एमडीयू की खिलाड़ियों ने शानदार संयम, मजबूत रणनीति और बेहतरीन तालमेल का परिचय दिया। सेमीफाइनल मुकाबले में एमडीयू ने उस्मानिया विश्वविद्यालय को 2–0 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया, जहां उन्होंने निर्णायक मुकाबले में भी अपना दबदबा बनाए रखा। तीसरे स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में कोन्नेरू विश्वविद्यालय, आंध्र प्रदेश की टीम ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता, जबकि दिल्ली विश्वविद्यालय की टीम चौथे स्थान पर रही। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में भारतीय पुनर्वास परिषद की पूर्व अध्यक्ष डॉ. शरणजीत कौर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं पदक प्रदान कर सम्मानित किया।


रोहतक। एमडीयू में सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में खेलती खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

## एमडीयू में आईसी व किशोरी कॉलेज के बीच आज खेला जाएगा सॉफ्टबॉल का फाइनल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में वीरवार से दो दिवसीय इंटर कॉलेज सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता शुरू हुई। पहले तीन मैच खेले गए। शुक्रवार को फाइनल व तीसरे स्थान के लिए मुकाबला खेला जाएगा। फाइनल मुकाबला राजकीय महिला कॉलेज (आईसी) व किशोरी कॉलेज के बीच खेला जाएगा। तीसरा स्थान के लिए जीबीडी कॉलेज गोहाना व हिंदू कॉलेज सोनीपत के बीच खेला जाएगा।

खेल निदेशक डॉ. शकुंतला बेनीवाल ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि खेल छात्राओं में आत्मविश्वास, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने खिलाड़ियों की मेहनत और लगन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं युवाओं को उच्च स्तर के खेल प्रदर्शन के लिए प्रेरित करती हैं। कोच मनोज ने भी विजेता खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

### जीबीडी, किशोरी और आईसी कॉलेज जीते

पहला मैच गौड़ कॉलेज व जीबीडी कॉलेज गोहाना के बीच खेला गया इसमें जीबीडी कॉलेज गोहाना ने 15-4 से मैच जीता। दूसरा मैच किशोरी कॉलेज रोहतक और हिंदू कॉलेज सोनीपत के बीच खेला गया, इसमें किशोरी कॉलेज ने 10-0 से मैच जीता। तीसरे मैच आईसी कॉलेज रोहतक व जीबीड़ी कॉलेज गोहाना के बीच खेला गया इसमें आईसी कॉलेज ने 10-0 से मैच जीता।

### हरियाणा क्रिकेट अकादमी ने 6 विकेट से मैच जीता

रोहतक। वैश्य कॉलेज के क्रिकेट मैदान में खेले गए मैच में वीरवार को खेले गए मैच में कुरुक्षेत्र क्रिकेट अकादमी को हरियाणा क्रिकेट अकादमी ने 6 विकेट से हराया। यादव को मैन ऑफ द मैच चुना गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कुरुक्षेत्र की टीम 35 ओवर में 222 रन पर ऑल्आउट हो गई। कुरुक्षेत्र टीम की ओर से अजय ने 68 व कर्ण ने 50 रन बनाए। हरियाणा टीम की ओर से यादव ने पांच विकेट लिए। इसके जवाब में हरियाणा की टीम ने 28.2 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 224 रन बनाकर 6 विकेट से मैच जीता। हरियाणा टीम की ओर से यादव ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 113 रन बनाए। कुरुक्षेत्र टीम की ओर से आदित्य , यश व दिनेश ने एक-एक विकेट लिया।

### दीनबंधु सर छोटूराम की 146वीं जयंती पर कार्यक्रम आज

**रोहतक।** दीनबंधु सर छोटूराम की 146वीं जयंती शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। इस भव्य समारोह का आयोजन सर छोटूराम मेमोरियल सोसाइटी रोहतक की ओर से सर छोटू राम पार्क में किया जाएगा। सुबह 10:00 बजे हवन किया जाएगा। वहीं, सुबह 11 बजे श्रद्धांजलि एवं भजन कार्यक्रम होगा। इसके अलावा दोपहर 12 बजे सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह की अध्यक्षता पूर्व विधायक प्रेमलता प्रधान द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सचिव विरेन्द्र सिंह राठी, सह-सचिव अजयवीर सिंह और कोषाध्यक्ष महेन्द्र सिंह धनखड़ अपनी टीम के साथ तैयारियों में जुटे हैं। समारोह में पदमश्री डॉ. संतराम देशवाल और जाट संस्था के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना और उनकी पूरी कार्यकारिणी को सोसाइटी की ओर से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के उपरांत प्रसाद की भी व्यवस्था की गई है।

## सर्व समाज के नेता थे सर छोटूराम : ढांडा

- स्थानीय जाट शिक्षण संस्था के महाविद्यालय में रहबर-ए-आजम दीनबंधु चौ. सर छोटूराम का 145वां जन्मोत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। संस्था के कैलेंडर का विमोचन करते शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, प्रधान गुलाब सिंह दिमाना, जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, भाजपा युवा नेता हिमांशु ग्रोवर, व संस्था के कॉलेजियम सदस्य । *फोटो : हरिभूमि*

जब मैंने दीनबंधु चौधरी छोटूराम के बारे में पढ़ना शुरू किया तो मेरी आंखों में आंसू आ गये। चौधरी साहब किसी एक समाज नहीं सभी वर्गो के मसीहा थे। उन्होंने किसान, कमेरे वर्ग को खुशहाल व समृद्ध बनाया और गरीब, दलित, शोषित, किसान के आंसुओ को कलम की ताकत से खुशहाली में बदली किया था। किसान कौम जिंदगी में ना कभी घबराती हैं और ना ही पीछे हटती हैं। अगर हम चौधरी साहब के पद चिह्नों पर चलते हुए सर्व समाज को साथ लेकर चलेंगे तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को 2037 तक ही पा सकते हैं। जाट शिक्षण संस्था बच्चों को बेहतर शिक्षा देकर उन्हें अनमोल हीरे बनाये। ऐसा कहना है शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा का। उन्होंने वीरवार को स्थानीय जाट शिक्षण संस्था के महाविद्यालय में आयोजित रहबर-ए-आजम दीनबंधु चौ. सर छोटूराम जी के 145वें जन्मोत्सव पर बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने अपने स्वैच्छिक कोष से जाट शिक्षण संस्था को 11 लाख रुपये की धनराशि देने की घोषणा करते हुए कहा कि वे भविष्य में भी संस्था को आवश्यकता अनुसार मदद देंगे। भाजपा के जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका ने भी संस्था को दो लाख रुपये की राशि देने की घोषणा की।

### डीएवी पब्लिक स्कूल में मनाया बसंत पंचमी पर्व

**रोहतक।** डीएवी पब्लिक स्कूल में बृहस्पतिवार को बसंत पंचमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया। विद्या की देवी मां सरस्वती को समर्पित इस आयोजन में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय परिसर को पीले फूलों, रंगोलियों और आकर्षक सजावट से सजाया गया, जो बसंत ऋतु के आगमन और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सरस्वती पूजन संपन्न हुआ, जिसमें सभी ने ज्ञान, विवेक और सफलता की कामना की। वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। समारोह के दौरान छात्रों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों ने बसंत ऋतु पर कविताएं सुनाईं, जबकि अन्य छात्रों ने पीले परिधानों में मां सरस्वती की वंदना पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। बच्चों द्वारा बनाई गई मां सरस्वती की प्रतिमाएं कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहीं, जिन्होंने सभी का मन मोह लिया। बसंत पंचमी की परंपरा के अनुसार अधिकांश विद्यार्थी पीले वस्त्रों में नजर आए। मध्याह्न भोजन में पीले चावल और मिठाइयों का विशेष प्रबंध किया गया। प्रधानाचार्या ने अपने संदेश में कहा कि बसंत पंचमी हमें अज्ञानता से ज्ञान की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा देती है। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ के साथ हुआ।

### गणतंत्र दिवस पर होगी 26 किमी की दौड़

**रोहतक रनर्स ग्रुप की पहल, स्टेडियम से होगी शुरुआत**

**रोहतक।** हर साल की तरह इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस के अवसर पर रोहतक रनर्स ग्रुप द्वारा 26 किलोमीटर की "गणतंत्र दिवस दौड़" का आयोजन किया जाएगा। दौड़ की शुरुआत सुबह छह बजे छोटूराम स्टेडियम से होगी। इस दौरान धावक रोहतक शहर में स्थापित महान व्यक्तियों और स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाओं पर श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे और अंत में छोटूराम स्टेडियम पहुंचकर दौड़ का समापन करेंगे। इस दौड़ में सभी उम्र के धावक व धाविकाएं भाग ले सकते हैं। प्रतिभागी अपनी क्षमता और इच्छा के अनुसार दूरी तय कर सकते हैं।

## पठानिया स्कूल में दिया सांस्कृतिक सौहार्द का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



पठानिया पब्लिक स्कूल में बृहस्पतिवार को मैत्रेय बुद्ध मंदिर के पूज्य सदस्यों के सान्निध्य में एक विशेष आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय परिसर शांति, सकारात्मक ऊर्जा और आत्मिक चेतना से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के लिए विशेष पूजा एवं संवादात्मक सत्र आयोजित किया गया, जिसमें करुणा, आत्म-संयम, शांति और मानवीय मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस सत्र ने विद्यार्थियों के मन-मस्तिष्क पर गहरा सकारात्मक प्रभाव छोड़ा और उन्हें आत्मचिंतन तथा जीवन मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी। इस पावन आयोजन का नेतृत्व तोकिको ओशिमा गुरु ने किया, जिन्हें आध्यात्मिक क्षेत्र में 50 से अधिक वर्षों का अनुभव है। वे नागोया (जापान) की निवासी हैं और फिलहाल दिल्ली में रह रही हैं। उनके साथ सुश्री माची ओकाज़ोए सहायक व अनुवादक के रूप में उपस्थित रहीं, जो पिछले 23 वर्षों से आत्म-विकास के क्षेत्र में कार्यरत हैं। कार्यक्रम में श्री राजीव लोचन तथा जापान की संगीत प्रोफेसर सुश्री यायोई बिटो की उपस्थिति भी रही।

### आभार जताया

इस अवसर पर स्कूल की को-फाउंडर वर्षा पठानिया, निदेशक अंशुल पठानिया, प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया एवं उप-प्रधानाचार्या प्रीति ढांडा व सुनीता मोर मौजूद रहीं। प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया ने अतिथियों का हार्दिक स्वागत एवं आभार व्यक्त किया।

## श्री बाबा मस्तनाथ शिक्षण संस्थान में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई बसंत पंचमी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

श्री बाबा मस्तनाथ शिक्षण संस्थान अस्थल बोहर, में बसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास और धार्मिक भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज परिसर को पीले फूलों, रंग-बिरंगी सजावट और पारंपरिक प्रतीकों से सजाया गया। पूरे परिसर में बसंत ऋतु की सुंदरता और सकारात्मक माहौल साफ नजर आया। कार्यक्रम की शुरुआत ज्ञान और विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष विधिवत पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलन से हुई। पूजा के दौरान विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मां सरस्वती से ज्ञान, सद्बुद्धि और सफलता की कामना की। इसके बाद छात्रा खुशी द्वारा एक सुंदर और भावपूर्ण प्रस्तुति दी गई, जिसे उपस्थित सभी लोगों ने ध्यानपूर्वक देखा और सराहा।

कार्यक्रम के अगले चरण में विद्यार्थियों ने पारंपरिक और सांस्कृतिक नृत्यों की प्रस्तुति दी। इन प्रस्तुतियों में भारतीय संस्कृति, लोक परंपराओं और बसंत पंचमी के उल्लास को जीवंत रूप में दर्शाया गया। विद्यार्थियों का उत्साह और आत्मविश्वास मंच पर साफ झलक रहा था, जिससे कार्यक्रम और भी आकर्षक बन गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्या ने बसंत पंचमी के कहा कि यह पर्व केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह ज्ञान, संस्कृति और सकारात्मक सोच का प्रतीक है।

### ये रहे मौजूद


कार्यक्रम में डॉ. अर्चना, डॉ. सीमा, डॉ. सुशीला, संजय, सुनील, शोधकर्ता पिंकी सहित कॉलेज के सभी स्टाफ सदस्य और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

MANSAROVER HOSPITAL
MULTI SUPER SPECIALITY HOSPITAL
NEAR PNB BANK, OPP. VIKAS NAGAR, SONIPAT ROAD, ROHTAK, HARYANA
RECEPTION: 01262-253500, 9053005599, 9254302848
Latest MRI & Multi Slice CT SCAN
- Neuro Surgery
- General Medicine
- General Surgery
- Orthopedics
- ब्रेन, रीढ़ की हडिड्यों का ईलाज
- दूरबीन द्वारा सभी बिमारियों के ऑपरेशन
- पेट, छाती से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज

फौजी भाईयों का इलाज ECHS

- हरियाणा सरकार
- आयुष्मान भारत
- ESIC
के पैनल पर

DR. BALKISHAN GOEL
M.B.B.S, M.S, M.CH.
TRAUMA CENTRE, ICU & CRITICAL CARE
NEURO-ICU, GENERAL ICU, HOU (HIGH DEPENDANCY UNIT) जहर POISIONING CASE
24 HRS LAB/CAFE/PHARACY/AMBULANCE

श्रद्धांजलि सभा

डॉ. मोहिंदर सिंह
(1932–2026)
अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे परम आदरणीय डॉ. मोहिंदर सिंह का दिनांक 16 जनवरी 2026 को स्वर्गवास हो गया। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन सादगी, गरिमा, सेवा-भाव और करुणा के साथ व्यतीत किया। उनका सौम्य व्यक्तित्व, उच्च विचार और समाज के प्रति समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा।
दिवंगत आत्मा की चिरशांति एवं मोक्ष की कामना हेतु उनकी पुण्य स्मृति में प्रार्थना सभा का आयोजन निम्नानुसार किया जाएगा-
दिनांकः 25 जनवरी 2026 रविवार | समयः दोपहर 12 से 1 बजे तक
स्थान : सनसिटी बैंक्वेट एंड लॉन, सेक्टर 34, सनसिटी, रोहतक
(प्रार्थना सभा उपरांत दोपहर भोज)
शोकाकुल परिवार
श्रीमती कैलाश चौधरी (धर्मपत्नी)
डॉ. सुनीता एवं डॉ. हरप्रीत सिंह (पुत्रवधु एवं पुत्र)
विनीता एवं हरदीप सिंह (पुत्रवधु एवं पुत्र)
डॉ. वंदना एवं डॉ. विरेंदर सांगवान (पुत्री एवं दामाद)
SCAN FOR LOCATION
समस्त पोते-पोती एवं नाते-नाती

## खबर संक्षेप

### बहलबा में मनेगी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

**महम।** आर्यन स्पोटर्स क्लब बहलबा द्वारा गांव के शहीद राजबीर सिंह खेल स्टेडियम में 23 जनवरी को नेता जी सुभाषचन्द्र बोस की जयन्ती और बसंत पंचमी उत्सव धूमधाम से मनाए जाएंगे। स्पोटर्स क्लब के संरक्षक रोहतास राठी ने बताया कि नेता जी के जन्म दिवस को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस दौरान खो खो का फ्रेंडली मैच करवाया जाएगा। गांव के पूर्व सरपंच सुमेर सिंह प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित करेंगे।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर महम में 25 को

**महम।** ओम शांति सेंटर महम में 25 जनवरी को प्रथम नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाएगा। इस शिविर में आंख, नाक, कान, गला, हड्डी, बीपी और शुगर रोगों की फ्री जांच की जाएगी। रोगियों को दवाइंया भी नि:शुल्क दी जाएंगी। ब्रह्माकुमारीज प्रभु उपहार भवन की संचालिका बीके चेतना ने बताया कि शिविर रविवार को सुबह 10 बजे शुरू होगा और दोपहर दो बजे तक चलेगा। मास्टर सुशील गुप्ता ने बताया कि इस शिविर में रोगियों की जांच वी केयर कैंसर सेंटर व मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, संतोष कैंसर फाउंडेशन और खुराना आई सेंटर के अनुभवी डॉक्टरों की टीम करेगी।

### गांव सैमाण में कबड्डी प्रतियोगिता 26 से

**महम।** सैमाण गांव में 26 व 27 जनवरी को महंत मुनिदास की स्मृति में मिनी ओपन सर्कल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन जाएगा। गांव वासी अमरजीत सिवाच ने बताया कि प्रतियोगिता में पहला इनाम 71 हजार, दूसरा इनाम 51 हजार, तीसरा व चौथा इनाम 31-31 हजार रखा गया है। बेस्ट रेडर व बेस्ट कैचर को 5100-5100 रुपए का इनाम दिया जाएगा।

### भैणी चंद्रपाल गांव में मनाई जाएगी सर छोटू राम जयंती

**महम।** भैणी चंद्रपाल गांव में 23 जनवरी को सर छोटूराम जयंती मनाई जाएगी। ग्रामीण पूर्व ब्लाक समिति चेयरमैन नरेश ग्रेवाल ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा गांव के बड़े तालाब किनारे जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई जाएगी। सुबह दस बजे भंडारा शुरु होगा जो शाम पांच बजे तक चलेगा और रात को रागनी कंपटीशन होगा।

### डॉ. तरन्नुम खान ने जांचीं व्यवस्थाएं

**रोहतक।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. तरन्नुम खान ने अर्पण संस्थान, लखीराम अनाथालय एवं बाल भवन का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने वहां उपस्थित बच्चों एवं स्टाफ सदस्यों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। डॉ. खान ने अनाथालय व बाल भवन में बच्चों को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन, साफ-सफाई एवं रहन-सहन की व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

## हेल्थ विवि और हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में एमओयू

# महिलाओं से जुड़ी व संक्रामक बीमारियों पर की जाएगी रिसर्च

हड्डी की टीबी पर विशेष अनुसंधान किया जाएगा, एक ही दिन में बीमारी की पुष्टि हो सकेगी

- आसपास के राज्यों की जनता को बेहतर और समय पर उपचार मिल सकेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



रोहतक। एमओयू करते कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल व सीयूएच के कुलपति डॉ. टंकेश्वर कुमार। फोटो : हरिभूमि

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विवि. (यूएचएसआर) और हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएच), महेंद्रगढ़ के बीच गुरुवार को महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस एमओयू का उद्देश्य चिकित्सा क्षेत्र में संक्रामक रोगों और महिलाओं से जुड़ी बीमारियों पर अनुसंधान को बढ़ावा देना है, जिससे प्रदेश सहित आसपास के राज्यों की जनता को बेहतर और समय पर उपचार का लाभ मिल सके। यूएचएसआर के कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने बताया कि पीजीआईएमएस द्वारा मरीजों को उच्च गुणवत्ता का इलाज प्रदान करने की प्रतिबद्धता को यह एमओयू और मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि सीयूएच के साथ मिलकर कई शोध परियोजनाओं पर कार्य किया जाएगा, जिनमें हड्डी की टीबी पर विशेष अनुसंधान शामिल है। इसके तहत मरीजों के सैंपल जांच के लिए भेजे जाएंगे, जिससे एक ही दिन में बीमारी की पुष्टि हो सकेगी। वहीं महिलाओं में एंडोमेट्रियोसिस जैसी बीमारियों की शीघ्र पहचान के लिए भी सहयोग किया जाएगा।

### संस्थागत शोध बढ़ेगा

सीयूएच के कुलपति डॉ. टंकेश्वर कुमार ने बताया कि यह साझेदारी सार्वजनिक स्वास्थ्य के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में संयुक्त अनुसंधान और नैदानिक सहयोग को आगे बढ़ाएगी। कुलसचिव डॉ. रूप सिंह और निदेशक डॉ. एसके सिंघल ने कहा कि इस समझौते से अंतर-संस्थागत शोध, प्रशिक्षण कार्यक्रम और नई वित्त पोषित परियोजनाओं को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर दोनों संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी, डीन और चिकित्सक उपस्थित रहे।

# पांच साल की बच्ची से पड़ोसी ने किया दुष्कर्म

- वीरवार को बच्ची की सीडब्ल्यूसी में काउंसिलिंग करवाई
- अदालत ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांपला

क्षेत्र के एक गांव में पांच साल की बच्ची से 50 साल के पड़ोसी ने दुष्कर्म कर दिया। घटना के समय बच्ची गली में खेल रही थी। वीरवार को बच्ची की सीडब्ल्यूसी में काउंसिलिंग कराई गई। पुलिस को दी शिकायत में बच्ची की मां ने बताया कि 17 जनवरी को वह पति के साथ पीजीआई गई हुई थी। उनकी पांच साल की बेटी गली में खेल रही थी।

तभी पड़ोस की महिला का फोन आया। बोली-पड़ोसी व्यक्ति उसके निजी अंगों में अंगुली से गलत काम कर रहा था। उसने बच्ची को छुड़वाया। वारदात की सूचना मिलने पर परिजन गांव पहुंचे। आरोपी द्वारा माफी मांगने पर बच्ची के परिजनों ने शिकायत नहीं की। रात को बच्ची ठीक ढंग से सो तक नहीं सकी। उसे शौच जाने में भी दिक्कत हुई। सुबह माता-पिता बच्ची को लेकर आईएमटी थाने में पहुंचे और आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया जहां से न्यायिक हिरासत के चलते जेल भेज दिया गया।

### कुकर्म का आरोपी दोषी करार, सजा 27 को

**रोहतक।** एएसजें शैलेंद्र सिंह की अदालत ने एक बच्चे से कुकर्म करने के आरोपी को दोषी करार दिया है जिसे सजा 27 जनवरी को सुनाई जाएगी। मामले के अनुसार, जुलाई 2023 में थाना महम के एक गांव निवासी ग्रामीण ने थाना बहुअकबरपुर पुलिस को आरोपी युवक के खिलाफ शिकायत दी। इसमें बताया कि वह खेतीबाड़ी करते हैं। उनके पास दो बच्चे हैं। बेटे की उम्र नौ साल है। वह कई दिन से घबराया हुआ रहता था। इस दौरान बच्चे ने उन्हें बताया कि गांव में ही रहने वाले युवक ने उसके साथ कुकर्म किया है। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। अब दोनों पक्षों के गवाह सबूतों को देखते हुए कोर्ट ने फैसला सुनाया है।

# समस्याओं के समाधान का प्रभावी माध्यम शिविर: डीसी

समाधान शिविर में सुनीं शिकायतें अफसरों को निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

सरकार द्वारा आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर लोगों के लिए एक उपयोगी मंच साबित हो रहे हैं। बृहस्पतिवार को जिला सचिवालय स्थित सभागार में उपायुक्त सचिन गुप्ता ने समाधान शिविर में आए नागरिकों की समस्याओं और शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुनकर उनका समाधान किया।

डीसी ने कहा कि समाधान शिविर आमजन की समस्याओं के समाधान का सरल और प्रभावी माध्यम साबित हो रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। समाधान शिविरों का उद्देश्य आमजन को एक ही स्थान पर उनकी समस्याओं का समाधान उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें बार-बार कार्यालयों में न जाना पड़े। ध्यान रहे कि हर सोमवार और बृहस्पतिवार को जिला स्तर व उपमंडल स्तर पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं।




रोहतक। समाधान शिविर लोगों की समस्याएं सुनते उपायुक्त सचिन गुप्ता।

### ये अधिकारी-कर्मचारी रहे उपस्थित

शिविर में नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा, रोहतक के उपमंडलाधीश आशीष कुमार, प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण के सचिव वीरेंद्र सिंह ढुल, नगराधीश अंकित कुमार, पुलिस उपाधीक्षक दलीप कुमार, जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह, सैनिक व अर्धसैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमांडर गौरिका सुहाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।




### मॉडल स्कूल में विद्यार्थियों ने यातायात नियमों के पालन का लिया संकल्प

**रोहतक।** अंबेडकर चौक स्थित मॉडल स्कूल में सड़क सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर विद्यार्थियों के लिए विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम में डीएसपी रवि खुंडिया और आरटीओ वीरेंद्र सिंह ढुल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इनके साथ ट्रैफिक पुलिस के एसएचओ इंस्पेक्टर जसबीर सिंह, आरटीओ के इंस्पेक्टर जसबीर सिंह, एंटी नारकोटिक सेल के एसआई अमर कटारिया तथा ट्रैफिक पुलिस के एएसआई राजेश कुमार भी मौजूद रहे। समारोह की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों के पूर्ण पालन की शपथ के साथ हुई। प्रधानाचार्या डॉ. अरुणा तनेजा ने बताया कि पहली और दूसरी कक्षा के विद्यार्थियों को सड़क पार करने, साइकिल चलाते समय हेलमेट पहनने और घुटनों की सुरक्षा के लिए गार्ड के उपयोग की जानकारी दी गई। वहीं पांचवीं से नौवीं कक्षा के छात्रों को यातायात नियमों के महत्व और अनिवार्यता से अवगत कराया गया। विद्यार्थियों ने स्लोगन लेखन और पोस्टर मेकिंग में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# रक्तदान करना स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी: डॉ. अनिल

- 304 परिवारों को स्टील के बर्तन सेट और कंबल वितरित किए
- रेडक्रॉस के तत्वावधान में आयोजित शिविर में 91 युवाओं ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

मानव सेवा की भावना को सशक्त करते हुए रेडक्रॉस के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर एक एनजीओ बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें कुष्ठ रोग आश्रम की मुख्य समिति के सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस मौके पर हरियाणा के 304 परिवारों को स्टील के बर्तन सेट और कंबल वितरित किए गए।

कार्यक्रम में हरियाणा राज्य रेडक्रॉस शाखा के उपाध्यक्ष अंकुश मिगलानी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने प्रेरक संबोधन में रेडक्रॉस की जनसेवा गतिविधियों पर प्रकाश डाला और स्वयंसेवकों व सदस्यों की समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनते हुए उनके शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया। उनके मार्गदर्शन से कार्यक्रम में उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ। जिला रेडक्रॉस सचिव विकास कुमार, डीटीओ रवि दत्त सहित अनेक गणमान्य अतिथि कार्यक्रम में मौजूद रहे। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय, अस्थल बोहर के वाईआरसी समन्वयक डॉ. संजय कुमार ने विश्वविद्यालय के स्वयंसेवकों के साथ रक्तदान कर सहभागिता निभाई। रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रोफेसर एवं डीन डॉ. अनिल कंवा ने बताया कि रक्तदान जीवन रक्षक होने के साथ-साथ दाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। पीजीआईएमएस रोहतक की चिकित्सकीय टीम के सहयोग से शिविर में कुल 91 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। अंत में रक्तदाताओं को प्रोत्साहन सामग्री वितरित की गई।

# प्रभावशाली संचारकर्ता थे सुभाष चंद्र बोस, सुनने वाले तुरंत हो जाते थे प्रभावित : डॉ. प्रदीप राय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



रोहतक। मदवि के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में पुष्पांजलि तथा स्मृति नमन कार्यक्रम करते शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के पूर्व दिवस वीरवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में पुष्पांजलि तथा स्मृति नमन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के संयोजक प्राध्यापक सुनित मुख़र्जी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन, उनकी संघर्ष गाथा, राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए उनके योगदान पर प्रकाश डाला। प्राध्यापक डॉ. नवीन कुमार ने नेताजी के प्रेरणादायी नारे- तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूंगा का उल्लेख कर उनके प्रेरणादायी नेतृत्व का जिक्र किया। कुरुक्षेत्र विवि के इंस्टिट्यूट ऑफ़ मास कम्युनिकेशन एन्ड मीडिया टेक्नोलॉजी के सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रदीप राय ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस प्रभावशाली संचारकर्ता थे। उन्हें सुनने वाले तुरंत प्रभावित हो जाते थे।

### बोस ने देखा था समावेशी भारत का सपना

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू, कॉलेज झज्जर की प्राध्यापिका डॉ. कविता दहिया ने हरियाणा के देहात में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की अपार लोकप्रियता व आजाद हिन्द फौज के प्रति जुनून के बारे में बताया। विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो हरीश कुमार ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने समावेशी भारत का सपना देखा था। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ बेनुल तोमर, सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रिया व डॉ. कुलदीप, शोधार्थी विनोद गिल, पंकज, आशु, शिखा व विद्यार्थियों ने नेताजी के पोट्रेट पर पुष्पांजलि अर्पित की।

### नेताजी का संघर्ष राजनीति तक सीमित नहीं था

**रोहतक।** मेडिकल सर्विस सेंटर (एमएससी) की ओर से महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर पीजीआई डॉक्टर हॉस्टल में एक सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नेताजी के विचारों, उनके संघर्ष और सामाजिक न्याय की अवधारणा को वर्तमान स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था के संदर्भ में समझना रहा। सभा के दौरान इस विषय पर विशेष चर्चा की गई कि यदि नेताजी सुभाष चंद्र बोस आज के स्वास्थ्य सेवा तंत्र का हिस्सा होते, तो वे स्वास्थ्य सेवाओं में व्याप्त असमानता पहुंच की कमी और अन्याय के विरुद्ध किस प्रकार संघर्ष करते। वक्ताओं ने कहा कि नेताजी का संघर्ष केवल राजनीतिक स्वतंत्रता तक सीमित नहीं था, बल्कि वे ऐसे समावेशी और न्यायपूर्ण तंत्र के पक्षधर थे जहां हर व्यक्ति को समान अधिकार और सम्मान प्राप्त हो।



### कार्यशालाओं से बढ़ता है छात्रों का कौशल : डॉ. दिव्या

**रोहतक।** महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में लाइफ स्किल्स एंड एनहांसमेंट ऑफ एम्पलोयमेंट स्किल विषय पर पर आयोजित कार्यशाला का वीरवार को समापन हुआ। यह कार्यशाला महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की करियर काउन्सलिंग एंड प्लेस्मेंट सेल और महिंद्रा प्राइड क्लासरूम के सहयोग से आयोजित की गई। एमडीयू डायरेक्टर करियर काउंसिल एंड प्लेसमेंट सेल डॉ. दिव्या मल्हान ने छत्राओं को प्रोत्साहित किया कि वे बढ़ चढ़कर इस प्रकार के कार्यक्रमों में भाग लें। ऐसी कार्यशालाओं से छात्रों में कौशल बढ़ता है।

### सिलाई एवं कढ़ाई पर कार्यशाला



**रोहतक।** पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय कॉलेज में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में छात्राओं में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए 8 दिवसीय ब्यूटी स्किल्स, कपड़ों की सिलाई एवं कढ़ाई कार्यशाला का आयोजन किया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

# किसानों को अब उनका सॉयल हेल्थ कार्ड व्हाट्सएप पर मिलेगा

**जिले में 2015 से लेकर अभी तक बन चुके हैं 142640 सॉयल हेल्थ**

- रोहतक में 91 हजार हैं किसान परिवार, 412000 एकड़ में होती है खेती
- एक एकड़ में पांच जगह से मिट्टी लेकर की जाती है जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

मिट्टी जांच(सॉयल हेल्थ कार्ड) की रिपोर्ट के लिए किसानों को अब कृषि एवं किसान कल्याण विभाग रोहतक के कार्यालय नहीं आना पड़ेगा। भू संरक्षण अधिकारी कार्यालय ने अब नई व्यवस्था की है। जिसके तहत किसानों को जांच रिपोर्ट उनके वाटसअप नंबर पर मिलेगी। मिलेगी क्या, बल्कि विभाग ने भेजनी भी शुरू कर दी हैं। इससे पहले किसान खुद कृषि विभाग के कार्यालय आकर रिपोर्ट लेते थे। ध्यान रहे कि जिले में 412436 एकड़ में खेती की जाती है। एक एकड़ में से पांच स्थानों की मिट्टी को जांचकर लैब बताती है कि खेत में किस-किस पदार्थ की कमी है या उसकी मात्रा सही है।




### ये दर्ज होता है कार्ड में

ध्यान रहे कि मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना भारत सरकार द्वारा फरवरी 2015 में शुरू की गई एक पहल है, जिसका उद्देश्य किसानों को उनकी मिट्टी की पोषक स्थिति के बारे में जानकारी देना और संतुलित उर्वरक उपयोग व स्थायी कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना है। यह योजना हर दो साल में किसानों को एक मृदा स्वास्थ्य कार्ड देती है, जिसमें मिट्टी के 12 मापदंडों (जैसे पीण्व, पोषक तत्व, कार्बनिक पदार्थ) के आधार पर उर्वरक और फसल संबंधी सुझाव होते हैं, जिससे उत्पादन बढ़े और मिट्टी का स्वास्थ्य भी बना रहे। रोहतक का कृषि विभाग अभी तक 142640 सॉयल हेल्थ कार्ड तैयार करके किसानों को भेज चुका है।

### पैसा और समय बचेगा



भू संरक्षण अधिकारी डॉ. सोमवीर ग्रेवाल ने बताया कि नई व्यवस्था से किसानों के पैसे और उनके समय की बचत होगी। कार्ड लेने के लिए हमारे कार्यालय नहीं आना पड़ेगा। इसलिए विभाग ने तय किया है कि सॉयल हेल्थ कार्ड किसानों के वाट्सअप पर भेज दिया जाए। मिट्टी के नमूने विभाग की टीम खेतों से खुद नमूने लेकर आती हैं। डॉ. ग्रेवाल ने कहा कि किसान कार्ड रिपोर्ट के मुताबिक जमीन में खाद वगैरह प्रयोग करने लगे हैं। एक बड़ा बदलाव पिछले दिनों में आया है। जिससे उनकी काफी कम लागत आती है। साथ ही, उत्पादन भी काफी अच्छा होता है। पहले किसान ऐसे ही अंधाधुंध रसायनिक खाद का प्रयोग करते रहते थे। और इनका फसल को फायदा भी नहीं होता था।

**ये हैं लाभ**

कोई भी किसान अपने खेत की मृदा की आसानी से जांच करवा सकता है। इस कार्ड के माध्यम से किसान जानकारी ले सकते हैं, कि मृदा में किन पोषक तत्वों का अभाव है। किस फसल की खेती करने से उन्हें अधिक फायदा मिलेगा, वे जानकारी भी कृषि विशेषज्ञ किसानों को देते थे। कार्ड बन जाने के उपरांत किसान को उत्पादक क्षमता, मिट्टी में नमी का स्तर, मृदा की सेहत, क्वालिटी के साथ-साथ मृदा की कमजोरियों को सुधारने के तरीकों की भी जानकारी प्रदान की जाती है।

# 31 चालान कर वसूला 16,600 रुपये जुर्माना

स्वच्छता और अतिक्रमण को लेकर प्रशासन का कड़ा रुख

- शिवाजी कॉलोनी से सोनीपत स्टैंड तक चला विशेष अभियान, प्रतिबंधित प्लास्टिक पर सख्ती
- सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण करने वाले 20 व्यक्तियों के चालान काटते हुए 11,000 रुपये का जुर्माना लगाया



रोहतक। दुकानदार को चालान देते नगर निगम की टीम।

**रोहतक।** नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ, सुंदर और अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से लगातार सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा के निर्देश पर निगम की एन्फोर्समेंट टीम और स्वच्छता टीमों ने शहर के विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों में संयुक्त निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण करने, गंदगी फैलाने और प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग व बिक्री करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई।नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि यह अभियान शिवाजी कॉलोनी, झज्जर रोड, शांतमई चौक, छोटूराम चौक, कैनाल रेस्ट हाउस चौक, सोनीपत स्टैंड, पुराना आईटीआई ग्राउंड सहित अन्य क्षेत्रों में चलाया गया। निरीक्षण के दौरान नियमों का उल्लंघन करते पाए गए लोगों के कुल 31 चालान किए गए और उनसे 16,600 रुपये का जुर्माना वसूला गया। उन्होंने बताया कि गंदगी फैलाने वालों के 4 चालान कर 1,100 रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक बेचने वालों के 9 चालान कर 4,500 रुपये वसूले गए। इसके अलावा सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण करने वाले 20 व्यक्तियों के चालान काटते हुए 11,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। निगम की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और दुकानदारों व राहगीरों में नियमों के प्रति जागरूकता भी देखने को मिली।

### अतिक्रमण से व्यवस्था बाधित हो रही

नगर निगम आयुक्त ने स्पष्ट किया कि अतिक्रमण के कारण न केवल यातायात व्यवस्था बाधित होती है, बल्कि आमजन को भी भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। साथ ही गंदगी फैलाना और प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग पर्यावरण और जनस्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है। निगम इन समस्याओं को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेगा। डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने नागरिकों से अपील की कि वे नगर निगम का सहयोग करें, सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैलाएं, अतिक्रमण से बचें, प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग और बिक्री न करें तथा कूड़े में आग न लगाएं।